सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-493
13/11/2016

उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ जदयू नेता, पूर्व समाजवादी एवं सिसवा (महाराजगंज, उ0प्र0)के पूर्व विधायक जगदीश लाल के निधन पर मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुये शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 13 नवम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ जदयू नेता, पूर्व समाजवादी एवं सिसवा के पूर्व विधायक जगदीश लाल के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्व0 जगदीश लाल का समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। वे एक प्रसिद्ध समाजवादी नेता थे। वे लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सम्पूर्ण क्रांति से जुड़े हुये थे तथा इमरजेंसी के दौरान 34 महीनें जेल में भी रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जगदीश लाल के निधन के समाचार से उन्हें गहरा दुख हुआ है तथा उत्तर प्रदेश को समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******